बाराबंकी एक्सप्रेस का ग्रुप ज्वाइन करें।

# यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रवक्ता रूबी पांडेय ने छात्र-छात्राओं के लिए बताए महत्वपूर्ण टिप्स

Barabanki Express December 20, 2024 9:16 pm No Comments

**लखनऊ।**

**यूपी बोर्ड की वर्ष *2025* की परीक्षाएं जल्द शुरू होने वाली हैं। इंटरमीडिएट सामान्य हिंदी विषय की परीक्षा पहले ही दिन आगामी *24* फरवरी को द्वितीय पाली में है। इस प्रश्नपत्र में अच्छे अंक लाने के लिए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज छोटी जुबिली लखनऊ की हिंदी प्रवक्ता रूबी पांडेय ने महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उनका कहना है कि हिंदी एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए गंभीरता से इसकी तैयारी करनी चाहिए। इस विषय की एक विशेषता यह है कि यह न केवल भाषा की समझ को बढ़ाती है, बल्कि विद्यार्थियों को साहित्य, संस्कृति और संवाद कौशल में भी निपुण बनाती है। हिंदी में अच्छे अंक लाने के लिए छात्रों को कुछ खास बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

यह भी पढ़े : Barabanki: नाबालिग बेटी के पेट मे उठ रहा था जोरो का दर्द, डॉक्टर की बात सुनकर उड़ गए परिवार के होश, तीन पर केस दर्ज

## मात्राओं का ध्यान रखें

- हिंदी में शब्दों की सही उच्चारण और मात्राओं का सही प्रयोग बेहद महत्वपूर्ण है। छात्रों को यह समझना चाहिए कि एक शब्द का उच्चारण गलत करने से उसका अर्थ भी बदल सकता है। इसलिए शब्दों की सही मात्रा का ज्ञान होना चाहिए। इसके अलावा, संज्ञा, क्रिया, विशेषण, वचन और काल के अनुसार शब्दों की सही मात्राओं का प्रयोग किया जाए, तो परीक्षा में सफलता की संभावना बढ़ जाती है।

## बीते वर्षों के प्रश्नों को हल करें

- छात्रों को बीते वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करने की आदत डालनी चाहिए। इससे न केवल परीक्षा पैटर्न की समझ बढ़ती है, बल्कि समय प्रबंधन में भी मदद मिलती है। पुराने प्रश्नपत्रों से छात्रों को यह भी पता चलता है कि किस प्रकार के सवाल अधिकतर पूछे जाते हैं और किन विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## पठन और लेखन अभ्यास

- हिंदी विषय में लेखन कौशल को सुधारने के लिए नियमित रूप से लेख, निबंध, पत्र आदि लिखने का अभ्यास करें। साथ ही, अच्छे हिंदी साहित्य का अध्ययन भी करें। इससे शब्दावली और विचारों की स्पष्टता में मदद मिलती है।

## समझ के साथ पढ़ाई करें

- हिंदी विषय को रट्टा मारने की बजाय, उसे समझकर पढ़ने की कोशिश करें। अगर विद्यार्थी किसी कविता, निबंध या गद्यांश को समझकर पढ़ते हैं, तो वे न केवल अच्छे अंक प्राप्त करेंगे, बल्कि उन्हें साहित्य की गहरी समझ भी होगी। इस प्रकार, हिंदी विषय में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सही रणनीति, समर्पण और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है।

## खान पान का भी रखे ध्यान

- यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट हिंदी विषय का प्रश्नपत्र दो भागों में विभाजित होता है। इनमें खंड *(क) 50* अंकों का होता है, जिसमें गद्य पद्य का विकास और गद्यांश व पद्यांश पर आधारित प्रश्न, एक कवि और एक लेखक का साहित्यिक परिचय, कहानी का उद्देश्य अथवा सारांश, स्वपठित खंड के आधार पर एक प्रश्न आता है। प्रश्नपत्र का दूसरा खंड *(ख)* भी *50* अंकों का है। जिसमें संस्कृत गद्यांश व पद्यांश, लोकोक्ति एवं मुहावरा, अपठित गद्यांश अथवा पद्यांश, व्याकरण व काव्य सौंदर्य के तत्व व पत्र लेखन है। प्रवक्ता रूबी पांडेय का कहना था कि परीक्षा की तिथि बेहद नजदीक आ चुकी है। अब पूरी गंभीरता से परीक्षार्थी मन लगाकर अध्ययन करें और अपने खान पान का ध्यान रखें।

### रिपोर्ट – सरला यादव

**यह भी पढ़े : UP NEWS: 20 फीट लंबे विशालकाय अजगर को झटपट पेड़ पर चढ़ते देख कांप गयी लोगो की रूह…देखे वीडियो**